

जरी-जरदोजी के स्टॉल का अवलोकन करते कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना। ● अमृत विचार



मेले में दीप लेकर मेहमानों का स्वागत करती शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार



मेले में मौजूद स्काउट-गाइड्स। ● अमृत विचार

# खिरनीबाग मैदान में दीपावली मेला का भव्य उद्घाटन

## कैबिनेट मंत्री खन्ना ने उद्घाटन कर विभागीय स्टॉलों का किया अवलोकन, गीत-संगीत के कार्यक्रमों ने बांधा समां, बच्चों ने लिया झूलों का आनंद

अमृत विचार, शाहजहांपुर

खिरनीबाग के रामलीला मैदान में नगर निगम, पुलिस विभाग समेत अन्य विभागों के संयुक्त तत्वावधान में दीपावली मेला गुरुवार को विधिवत रूप से शुरू हो गया। मेले का उद्घाटन देर शाम मुख्य अतिथि वित्त एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने डीएम-एसपी तथा पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ दुकानों का अवलोकन कर दुकानदारों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि दीपावली मेले में कई विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए हैं। जिनके माध्यम से विभागीय जानकारियां लोगों तक पहुंच सकेंगी। उन्होंने कहा कि जनपद में इस प्रकार के दीपावली मेला का पहली बार आयोजन किया जा रहा है। तीन नवंबर तक चलने वाले मेला में बच्चों और महिलाओं के लिए झूलों की भी व्यवस्था की गई है। साथ ही घरेलू सामान की दुकानें भी सजी हैं। त्योहार को देखते हुए महिलाएं और पुरुष खरीददारी भी कर सकते हैं। डीएम इंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि परम्परागत रूप से दीपावली के अवसर पर बड़ी संख्या में आम जनमानस द्वारा घरेलू उपयोग की विभिन्न वस्तुओं का क्रय किया जाता है।

साथ ही त्योहार के अवसर को उल्लासपूर्वक मनाए जाने के परिप्रेक्ष्य में स्थानीय स्तर पर विभिन्न मनोरंजनात्मक गतिविधियां संचालित होती हैं। उन्होंने बताया कि मेले का मुख्य उद्देश्य पटरी, रेहड़ी विक्रेताओं की आय को बढ़ाने के लिए उन्हें प्लेटफार्म उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर लोगों ने गीत-संगीत का भरपूर आनंद लिया।

कवि डॉ. इंदु अजनबी के संचालन में चले कार्यक्रम में एसपी एस आनन्द, सीडीओ श्याम बहादुर सिंह, एडीएम प्रशासन राम सेवक द्विवेदी, एडीएम वित्त एवं राजस्व गिरिजेश चौधरी, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, डीआईओएस शौकीन सिंह यादव, बीएसए सुरेंद्र सिंह, लेखाधिकारी रमेश चंद्र, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह, कुलदीप सिंह दुआ, नीतू गुप्ता, क्षमा वर्मा, सचिन बाथम, सुरेंद्र सिंह सेठ, उमेश पांडेय, रोमी आनंद, रमाकांत मिश्र, सौरभ सोमवंशी, दपिंदर कौर, निकहत परवीन, राम प्रसाद समेत बड़ी संख्या में विशिष्टजन मौजूद रहे।



मेले में बने मंच से बोलते कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना। ● अमृत विचार



मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेते दर्शक। ● अमृत विचार



शिक्षा विभाग के स्टॉल पर मौजूद बीएसए सुरेंद्र सिंह। ● अमृत विचार



मेले में लगे स्टॉल पर खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार